दैनिक न्याय साक्षी

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-सेहत-फीचर-खाना खजाना-राशिफल

रायगढ़, शुक्रवार 24 मार्च 2023

www.nyaysakshi.com



संपादकीय

# प्रचार राज का हश्र?

नीतीश कुमार की सरकार की 'सुशासन' की छवि के अवशेष आज भी बिहार में मौजूद हैं। लेकिन इस 'सुशासन' के 17-18 साल बाद आज बिहार में शिक्षा की क्या स्थिति है? देश में सबसे ज्यादा निरक्षरता दर वहीं क्यों है?

आधुनिक काल में धुआंधार प्रचार कर किसी की अच्छी या बुरी छवि बनाई जा सकती है। खास कर अगर कोई नेता समाज के अभिजात्य वर्ग की पसंद हो, तो उसकी हकीकत से विपरीत छवि का निर्माण भी किया जा सकता है। अध्ययनों को छोड़ भी दें, तो यह बात हम हालिया दशकों के अनुभव के आधार पर कह सकते हैं। जिन कुछ नेताओं की इस दौर में छवि का खूब निर्माण हुआ, उनमें एक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं। उनकी सरकार की 'सुशासन' की छवि के अवशेष आज भी बिहार में मौजूद हैं। लेकिन इस 'सुशासन' के 17-18 साल बाद आज बिहार में शिक्षा की क्या स्थिति है?

लोकसभा में यह बताया गया है कि बिहार की साक्षरता दर देश में सबसे कम 61.8 प्रतिशत है। जबकि बताया यह जाता था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का सबसे ज्यादा ध्यान शिक्षा स्वास्थ्य एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र पर ही है। गौरतलब है कि नीतीश सरकार सचमुच शिक्षा पर बड़े बजट का आवंटन करती रही है। मसलन, वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट में शिक्षा पर 40,450 करोड़ की भारी-भरकम राशि का प्रावधान किया गया है। 2022-23 में यह राशि 39,191 करोड़ थी।

बिहार के अलावा छत्तीसगढ़ ही एक ऐसा राज्य है, जिसने शिक्षा के मद में बजट का सबसे अधिक हिस्सा आवंटित किया है। लेकिन साक्षरता के मामले में इन दोनों राज्यों का प्रदर्शन अच्छा नहीं है। अगर कोई प्रयास परिणाम ना दे, तो उस पर सवाल जरूर उठाए जाएंगे। इसलिए अब दोनों राज्य कठघरे में हैं। स्कूलों में बुनियादी जरूरतों का अभाव, प्रशिक्षित और योग्य शिक्षकों की कमी, बीच में स्कूल छोड़ देना, आर्थिक असमानता, लैंगिक भेदभाव और शिक्षा के प्रति जागरूक नहीं होना निरक्षरता के प्रमुख कारण होते हैं। जाहिर है, इन कारणों को दूर करने पर ध्यान नहीं दिया गया है।

इसलिए इस आलोचना में दम है कि बिहार में सरकार की दिलचस्पी केवल स्कूल बिल्डिंग आदि बनाने में रही है, ना कि शिक्षा का स्तर सुधारने में। वैसे एक जन हित याचिका की सुनवाई के दौरान हाल में पटना हाईकोर्ट को बताया गया था कि राज्य के स्कूलों में बुनियादी सुविधाओं की घोर कमी है।

# महिला विश्व चैंपियनशिप में भारत के चार पदक पक्के



**नई दिल्ली ।** निखत ज़रीन, लवलीना बोरगोहेन, नीतू घंघास और स्वीटी बूरा की दमदार चौकड़ी ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में अपने-अपने क्वार्टरफाइनल मुकाबले जीतकर भारत के लिये चार पदक सुनिश्चित कर लिये।

इंदिरा गांधी स्टेडियम पर जारी प्रतियोगिता में लवलीना (75 किग्रा) ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए पिछले साल की कांस्य पदक विजेता मोजांबिक की रेडी ग्रामाने को 5-0 से हराया। निखत ने 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में थाईलैंड की छूतामत रक्षत को 5-2 से मात दी। नीतू ने 48 किग्रा वर्ग में जापान की मदोका वाडा को आरएससी (रेफरी द्वारा मैच को रोका जाना) पद्धति से हराया, जबकि स्वीटी (81+ किग्रा) ने बेलारूस की विक्टोरिया केबिकावा को 5-0 की करारी शिकस्त दी।

दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता रक्षत ने उत्तम दर्जे का खेल दिखाते हुए निखत को कड़ी टक्कर दी। गत विश्व चैंपियन निखत इस गलाकाट प्रतियोगिता में अपनी बेहतर तकनीकी क्षमता से जीत हासिल करने में कामयाब रहीं।

निखत ने जीत के बाद कहा, हां, आज का मुकाबला तनावपूर्ण था लेकिन मैं विभाजित निर्णय से जीती इसलिए मैं खुश हूं कि मैंने अपने देश के लिए पदक हासिल किया। आगे चलकर मैं स्वर्ण पदक भी जीतूंगा।

उन्होंने कहा, मेरी रणनीति आज पहले दो राउंड में जीतने की थी। मैंने दो राउंड 3:2 से जीते इसलिए अंतिम राउंड में मैंने दूर से खेलने का लक्ष्य रखा। अब तक मैंने जितनी भी बाउट खेली हैं, उनमें मुझे मुश्किल प्रतिद्वंदी मिले लेकिन मेरे लिये आगे बढ़ते रहना और उन्हें हराना एक अच्छा अनुभव रहा है। उम्मीद है कि मैं इसी तरह आगे बढ़ती रहूंगी और अपने देश के लिये लड़ूंगी।

निखत को जहां जीत हासिल करने के लिये कड़ा संघर्ष करना पड़ा, वहीं लवलीना, नीतू और स्वीटी ने एकतरफा मुकाबले जीतकर कांस्य पदक पक्के कर लिये।

लवलीना ने अपनी जीत पर कहा, कोचों ने मुझे बताया था कि आज कैसे खेलना है और उनकी योजना कारगर साबित हुई। मैं इस भार वर्ग में सहज महसूस करती हूं और प्रतियोगिताओं में अपने प्रदर्शन के साथ मैंने इसे अच्छी तरह से अपनाया है। आज का पदक मेरे लिये बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन मैं कांस्य पदक से संतोष नहीं करना चाहती क्योंकि यह आगामी एशियाई खेलों के लिये भी महत्वपूर्ण होने जा रहा है।

ओलंपिक पदक विजेता लवलीना अब सेमीफाइनल में 2018 विश्व चैंपियन और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता चीन की ली कियान के खिलाफ रिंग में उतरेंगी। नीतू का सामना मौजूदा एशियाई चैंपियन कजाकिस्तान की अलुआ बाल्किबेकोवा से होगा।

नीतू ने मदोका को हराने के बाद कहा, अभी तक जो भी मुकाबले हुए हैं उनमें मैं अच्छी तरह तकनीक का इस्तेमाल कर सकी हूं। मैंने तीनों मैच आरएससी से जीते हैं। अगले मुक्केबाज पर इससे दबाव बनेगा और मुझे फायदा होगा।

उन्होंने कहा, हमारी पूरी टीम स्वर्ण पदक का लक्ष्य लेकर आयी है। हम अपना 100 प्रतिशत देकर स्वर्ण लेकर जायेंगे। पिछली बार मैं स्वर्ण से चूक गयी थी लेकिन इस बार मैं बेहतर तैयारी करके आयी हूं। भारत में घरेलू दर्शक होने से भी फायदा है इसलिये मैं स्वर्ण को हाथ से नहीं जाने दूंगी।

स्वीटी ने कहा, बेलारूस की मुक्केबाज़ (विक्टोरिया) एक विश्व पदक के साथ एक बहुत अच्छी मुक्केबाज़ है और अपरकट सहित हमारी दोनों ताकतें समान हैं। मुझे पता था कि मुझे अंत तक लडऩा होगा।

# मुंबई इंडियंस ने अमेरिकी टी20 लीग में टीम खरीदी



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने अमेरिका में इस साल से होने वाले टी20 टूर्नामेंट 'मेजर लीग' में न्यूयॉर्क फ्रेंचाइजी के मालिकाना अधिकार हासिल किये हैं।

एमआई ने विज्ञप्ति में बताया कि फ्रेंचाइजी का नाम 'न्यूयॉर्क एमआई' रखा गया है। छह टीमों के इस टूर्नामेंट में एमआई के अलावा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर), दिल्ली कैपिटल्स और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) भी हिस्सा ले रही हैं।

केकेआर ने लॉस एंजिलिस, सीएसके ने डालास और कैपिटल्स ने सिएटल ओरकास की टीमों के मालिकाना अधिकार हासिल किये हैं। टी20 लीग में दो अन्य टीमें वाशिंगटन डीसी और सैन फ्रांसिस्को की होंगी।

इस खरीद के साथ एमआई के पास चार देशों में कुल पांच टी20 टीमें हो गयी हैं। फ्रेंचाइजी के पास इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) और विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में मुंबई इंडियंस, साउथ अफ्रीका टी20 लीग में एमआई केपटाउन और दुबई टी20 लीग में एमआई अमीरात के मालिकाना अधिकार हैं।

मेजर लीग में न्यूयॉर्क की टीम को खरीदने पर नीता अंबानी ने कहा, हम अपनी नयी टीम का स्वागत करने के लिये रोमांचित हैं। अमेरिका में पहली क्रिकेट लीग में प्रवेश के साथ ही, एमआई परिवार लगातार बढ़ रहा है। हम मुंबई इंडियंस को निडर और मनोरंजक क्रिकेट के वैश्विक ब्रांड के तौर पर स्थापित करने में सक्षम होने की आशा करते हैं। यह एमआई के लिये एक और नयी शुरुआत है। हम आगे के रोमांचक सफर का इंतजार कर रहे हैं।

# ओज़िल ने फुटबॉल को अलविदा कहा

**इस्तांबुल।** जर्मनी की विश्व कप जीतने वाली टीम के मिडफील्डर मेसुत ओजिल ने 34 साल की उम्र में फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की।

ओजिल ने इंस्टाग्राम पर जारी बयान में कहा, मुझे लगभग 17 वर्षों से एक पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी होने का सौभाग्य मिला है और मैं इस अवसर के लिये अविश्वसनीय रूप से आभारी हूं। हाल के दिनों में, मुझे कुछ चोटें लगी हैं, जिससे यह स्पष्ट हो जाता है कि अब फुटबॉल के बड़े मंच को छोडऩे का समय आ गया है।

रियल मैड्रिड, आर्सेनल और जर्मनी के लिये खेलने वाले ओज़िल ने अपने करियर के 645 मैचों में कुल 114 गोल और 222 असिस्ट किये।

उन्होंने कहा, यह अविस्मरणीय पलों और भावनाओं से भरी एक अद्भुत यात्रा रही है। मैं अपने क्लब इस्तांबुल शाल्के 04, वेर्डर ब्रेमेन, रियल मैड्रिड, आर्सेनल एफसी, फेनरबाश, बासकसीर, साथ ही सभी टीम के साथी और कोचों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे समर्थन दिया। अब मैं अपनी खूबसूरत पत्नी अमीन और अपनी दो खूबसूरत बेटियों के साथ आगे की जिंदगी बिताना चाहता हूं।

# ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 21 रन से हराया, सीरीज 2-1 से जीती

**चेन्नई।** ऑस्ट्रेलिया ने ऐडम ज़ैम्पा (45/4) की अगुवाई में गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत को तीसरे एकदिवसीय मैच में 21 रन से हराकर तीन मैचों की शृंखला 2-1 से जीत ली।

ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 270 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में मेजबान टीम 49.1 ओवर में 248 रन पर ऑलआउट हो गयी।

भारत को चार साल और सात एकदिवसीय शृंखलाओं के बाद घरेलू सरज़मीन पर हार मिली है। भारत को इससे पहले 2019 में ऑस्ट्रेलिया ने ही हराया था।

चिदंबरम स्टेडियम की धीमी पिच पर स्पिनरों का बोलबाला रहा। भारत की ओर से पांड्या ने भारतीय गेंदबाजों की अगुवाई करते हुए आठ ओवर में तीन विकेट लेकर 44 रन दिये, जबकि ऑस्ट्रेलियाई मध्यक्रम की कमर तोडऩे वाले कुलदीप ने 10 ओवर में 56 रन देकर तीन विकेट चटकाये।

मेहमान टीम के लिये ज़ैम्पा ने सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 10 ओवर में 45 रन देकर चार विकेट लिये। इसके अलावा टेस्ट सीरीज में नज़रंदाज़ किये गये ऐश्टन आगर ने भी 10 ओवर में 41 रन देकर दो सफलताएं हासिल कीं। भारत की ओर से विराट कोहली ने 72 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के के साथ सर्वाधिक 54 रन बनाये, हालांकि उन्हें किसी का साथ नहीं मिला।

ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और पिछले मैच में अविजित शतकीय साझेदारी करने वाली ट्रैविस हेड-मिचेल मार्श की जोड़ी ने अपनी टीम को एक बार फिर आक्रामक शुरुआत दिलाई।

हेड-मार्श ने पहले पावरप्ले का फायदा उठाते हुए 68 रन की साझेदारी की। इससे पहले कि यह साझेदारी भारत को मुश्किल में डालती, पांड्या ने हेड को पवेलियन लौटा दिया। हेड ने 31 गेंद पर चार चौकों और दो छक्कों की मदद से 33 रन बनाये। उन्होंने अपने अगले ओवर में स्टीव स्मिथ को विकेटकीपर के हाथों कैचआउट करवा कर ऑस्ट्रेलिया को दूसरा झटका दिया। स्मिथ भारत दौरे के छह मैचों में एक बार भी अर्द्धशतक नहीं बना सके।

# कंप्यूटर एसेसरीज की बिक्री में गिरावट के चलते लॉजिटेक ने 300 कर्मचारियों को निकाला

**नई दिल्ली।** स्विस प्रौद्योगिकी फर्म लॉजिटेक ने चुनौतीपूर्ण वैश्विक मैक्रो-इकोनॉमिक माहौल के बीच 300 कर्मचारियों को निकाल दिया है। पीपल मैटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, एक प्रमुख वैश्विक पुनर्गठन में, कंप्यूटर सहायक उपकरण बनाने वाली कंपनी ने लगभग 300 नौकरियों में कटौती करने का फैसला किया है।

लॉजिटेक के अध्यक्ष और सीईओ ब्रैकेन डारेल के अनुसार, व्यापार में मंदी वैश्विक व्यापक आर्थिक वातावरण और निम्न उद्यम और उपभोक्ता खर्च को चुनौती देने के कारण थी।

मार्च 2022 तक लॉजिटेक में 8,200 कर्मचारी थे। कंपनी ने साल के लिए अपने आउटलुक में भी कटौती की है।

रिपोर्ट में कंपनी के एक प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, अफसोस की बात है कि बदलावों से हमारे कई कर्मचारी प्रभावित हुए हैं।

लॉजिटेक का राजस्व वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में घटकर 1.3 अरब डॉलर रह गया, जो एक साल पहले की तुलना में 22 फीसदी कम है। कंपनी ने इस साल जनवरी में कहा था, यह प्रदर्शन चुनौतीपूर्ण व्यापक आर्थिक माहौल को दर्शाता है। श्रेणी की बिक्री अमेरिकी डॉलर और स्थिर मुद्रा दोनों में गिरावट आई है।




पिछले वर्ष की तीसरी तिमाही की तुलना में गेमिंग की बिक्री में 16 प्रतिशत और वीडियो सहयोग की बिक्री में 21 प्रतिशत की गिरावट आई है। कीबोर्ड और कॉम्बो की बिक्री में 22 फीसदी और पॉइंटिंग डिवाइस की बिक्री में 14 फीसदी की गिरावट आई है। कंपनी ने कहा, यह पूरी तिमाही में प्रचार सप्ताहों में केंद्रित उपभोक्ता खरीदारी और कम उद्यम और उपभोक्ता खर्च को दर्शाता है। डेरेल ने कहा, ये तिमाही परिणाम मुद्रा विनिमय दरों और मुद्रास्फीति के साथ-साथ कम उद्यम और उपभोक्ता खर्च सहित मौजूदा चुनौतीपूर्ण व्यापक आर्थिक स्थितियों को दर्शाते हैं, लॉजिटेक के वित्तीय वर्ष 2023 के ²ष्टिकोण को निरंतर मुद्रा में नकारात्मक 13-15 प्रतिशत नकारात्मक बिक्री वृद्धि के बीच समायोजित किया गया है।

# अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर 0.25 प्रतिशत बढ़ी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व ने मुद्रास्फीति के खिलाफ वर्तमान लड़ाई में ब्याज दर बढ़ाने की रफ्तार कुछ कम करते हुए नीतिगत ब्याज दर में 0. 25 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की। अमेरिका में सिलिकॉन वैली बैंक सहित कुछ बैंकों के दिवालिया होने के बाद बाजार को पहले ही अनुमान था कि फेडरल रिजर्व ब्याज दर बढ़ाने की रफ्तार अब कम करेगा। बाजार मानकर चल रहा था कि फेडरल रिज़र्व की ओपन मार्केट कमेटी की इस बार हद से हद चौथाई प्रतिशत की ही वृद्धि करेगी।

बैंकों में संकट उत्पन्न होने से पहले अनुमान था कि फेडरल रिजर्व ब्याज दर में इस बार भी 0.5 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकता है। ताजा वृद्धि के बाद अमेरिका में नीतिगत बस्तर का दायरा 4.75 प्रतिशत से 5.00 प्रतिशत हो गया है।

वाणिज्यिक बैंकों को लगता है कि इस वर्ष के अंत तक अमेरिका में नीतिगत ब्याज दर अब 5.1 प्रतिशत से 5.25 प्रतिशत तक बढ़ाई जा सकती है। फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दर बढ़ाए जाने से अमेरिकी बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों का बाजार भाव काफी घट गया है जिससे उनमें निवेश करने वाले बैंकों को बड़ा घाटा उठाना पढ़ रहा है। बहुत से छोटे बैंकों के डूबने का खतरा बन गया है।

फेडरल रिजर्व के बयान में कहा गया है मुद्रास्फीति को शांत करने के लिए नीतिगत ब्याज दर में और वृद्धि की जरूरत पड़ सकती है। बयान में कहा गया है कि फेडरल रिजर्व की खुले बाजार कि समिति आगे आने वाले आंकड़ों को देखेगी और उनका आकलन करेगी कि नीतिगत फैसलों का क्या प्रभाव पड़ रहा है।

समिति को लगता है कि मुद्रास्फीति पर पर्याप्त अंकुश के लिए नीति को कुछ और कड़ा करना पड़ सकता है। फेडरल रिजर्व मुद्रास्फीति को 2 प्रतिशत के आसपास रखने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है जो कोविड-19 के समय लागू किए गए मौद्रिक और राजकोषीय प्रोत्साहन पैकेज के चलते तरलता बढऩे से काफी ऊंची चली गई थी और यह अभी छह प्रतिशत के दायरे में है। बयान में कहा गया है कि अमेरिका की बैंकिंग प्रणाली मजबूत और जुझारू है। फेडरल रिजर्व की नीतिगत दर का स्तर 2007 के बाद की सबसे ऊंचाई पर है।

# आज का राशिफल

***मेष :*** आज आपका दिन आपके लिए उत्तम है। सभी काम आपके मन मुताबिक पूरे होंगे। आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर वरिष्ठ आपको उपहार स्वरूप कोई उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

***वृष :*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। आपका कला के क्षेत्र की तरफ रुझान बढ़ेगा। आपको व्यापार से लाभ तो होगा, लेकिन आपके घर के खर्चों में वृद्धि भी होगी। बिजनेस के सिलसिले में आपको यात्रा करनी पड़ सकती है।

***मिथुन :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। अगर आप नौकरी कर रहें तो ट्रांसफर किसी ऐसे स्थान पर हो सकता है, जहां से आना जाना करने में आपको आसानी होगी। हो सके तो उधार के लेन-देन से बचें। आपको व्यापार में धनलाभ का अवसर प्राप्त हो सकता है।

***कर्क :*** आज आपका दिन परिवार के साथ बीतेगा। पारिवारिक कार्यों को करने में घर के सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा। आपका समय बच्चों के साथ अधिक बीतेगा साथ ही उनको कुछ अच्छा सिखा भी सकते है।

***सिंह :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। यात्रा हो सकती है जो किसी भी काम से सम्बन्धित हो सकती है। यात्रा के दौरान किसी दोस्त/रिश्तेदार से आपकी मुलाकात हो सकती है। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जाएगा।

***कन्या :*** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। किसी कार्य को पूरा करने के लिए योजना बना सकते हो। अपने व्यापार को लेकर मन में नए-नए विचार आ सकते हैं। दाम्पत्य संबंध मधुरता से भरपूर रहेगा।

***तुला :*** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। व्यापार में लाभ होगा जिससे आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। आप किसी दोस्त की मदद करने के लिए उसके घर जा सकते हैं। ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं।

***वृश्चिक :*** आज आपकी नये कार्यों में रुचि बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आप फिजूल के खर्च को कम करने का प्रयास करेंगे तो आपके भविष्य के लिए पैसे इकट्ठे होने में आसानी होगी।

***धनु :*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा, ऑनलाइन क्लास से कुछ नया सीखने को मिलेगा। परिवार ने एकता का माहौल रहेगा किसी कार्य को लेकर सब एक मत हो सकते है। जीवनसाथी को कुछ अच्छा सा उपहार दे सकते हैं, रिश्ता और भी मधुर होगा।

***मकर :*** आज आपका दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहेगा। ज्यादा क्रोध करने से आपका काम बिगड़ सकता है, बेहतर होगा कि किसी भी बात पर गुस्सा करने से बचें। पॉपर्टी में निवेश करने के लिए दिन शुभ है।

***कुंभ :*** आज आपका दिन आपके लिए लाभप्रद रहने वाला है। आपको कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता मिल सकती है। आपने जीवनसाथी पर भरोसा बनाये रखें। आप जितना हो सके दूसरों की राय लेकर ही किसी कार्य की शुरूआत करें सफलता मिलनी तय है।

***मीन :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों का दिन अच्छा है, आपकी बातों से लोग प्रभावित होंगे। आपकी सोच में सकरात्मकता आयेगी।

# चिरंजीवी की भोला शंकर की रिलीज डेट का ऐलान, पोस्टर में तमन्ना भाटिया-कीर्ति सुरेश के साथ दिखा खास अंदाज



गॉडफादर और वाल्टेयर वीरय्या जैसी सुपरहिट फिल्मों के बाद अब मेगास्टार चिरंजीवी की अगली फिल्म भोला शंकर का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. पहली बार मेहर रमेश के साथ चिरंजीवी ने फिल्म के लिए सहयोग किया है. ये एक एक्शन एंटरटेनर फिल्म है जिसमें अभिनेता का दमदार रोल देखने को मिलेगा. फिल्म की रिलीज डेट का भी ऐलान हो गया है. मेकर्स ने उगादी पर्व यानी गुड़ी पड़वा के इस खास मौके पर भोला शंकर के रिलीज डेट की घोषणा की है.

चिरंजीवी की फिल्म भोला शंकर 11 अगस्त 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. फिल्म बंपर ओपनिंग कर सकती है ऐसी चर्चा जोर-शोर से हो रही है. रिलीज के बाद 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की छुट्टी का फिल्म को फायदा मिल सकता है. वहीं 22 अगस्त को चिरंजीवी का जन्मदिन भी है जो उनके फैंस के लिए किसी बड़े त्योहार से कम नहीं है. ऐसे में फिल्म के शानदार कमाई की पूरी उम्मीद की जा रही है.

फिल्म के निर्माताओं ने भोला शंकर की रिलीज डेट के साथ इसका शानदार पोस्टर भी आउट किया है. फिल्म में चिरंजीवी के अलावा कीर्ति सुरेश और तमन्ना भाटिया भी नजर आएंगी. कीर्ति सुरेश फिल्म में अभिनेता की बहन का किरदार निभाती नजर आएंगी.

# हेरा फेरी 3 में संजय दत्त निभाएंगे नेत्रहीन डॉन की भूमिका, अभिनेता ने की पुष्टि



अक्षय कुमार, परेश रावल और सुनील शेट्टी की फिल्म हेरा फेरी 3 को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं. इसकी स्टारकास्ट से संजय दत्त भी जुड़ चुके हैं. कुछ दिनों पहले संजय दत्त ने कंफर्म किया कि वह हेरा फेरी 3 का हिस्सा हैं. अब संजय दत्त ने फिल्म में अपने रोल को लेकर खुलासा किया है. उन्होंने बताया कि मूवी में उनका क्या किरदार होगा.

संजय दत्त से पूछा गया कि क्या आप हेरा फेरी 3 में अंधे डॉन का रोल निभा रहे हैं? तो इसके जवाब में उन्होंने हां कहा. उन्होंने बताया कि एक बार एक्टर्स की डेट्स कंफर्म हो जाए तो फिल्म की टीम इस साल शूटिंग शुरू कर देगी.

इससे पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान संजय दत्त ने फिल्म हेरा फेरी 3 में काम करने की खबर पर मुहर लगाया था.

# गर्मियों में आपको तरोताजा रखेगा सौंफ का शरबत



अगर आप उन लोगों में से हैं, जो चिलचिलाती गर्मी में शरबत पीना पसंद करते हैं, तो सौंफ का शरबत एक बढ़िया विकल्प साबित होगा। आप इस आसान रेसिपी से इस सुपर रिफ्रेशिंग और हेल्दी समर शरबत को बना सकते हैं।

## सामग्री :

- 1/2 कप सौंफ
- दो हरी इलायची
- दो लौंग
- 5-6 काली मिर्च
- 15-16 ताजा पुदीने के पत्ते
- 4 चम्मच लो कैलोरी स्वीटनर
- स्वादानुसार काला नमक
- स्वादानुसार नमक
- 2 चम्मच भुनी हुई सौंफ पाउडर
- बर्फ के टुकड़े (आवश्यकतानुसार)

## विधि :

सबसे पहले एक गहरे नॉन स्टिक पैन को गरम करें।

अब इसमें उसमें 3 कप पानी, सौंफ, छोटी इलाइची, लौंग, काली मिर्च डालें और इसे मध्यम आंच पर 15-20 मिनट तक पकाएं।

इसके बाद इस मिश्रण को छानकर अलग रखें दें।

अब एक अलग बर्तन में शुगर फ्री ग्रीन पाउडर डालें और इसे मेल्ट होने तक पकाएं।

इसके बाद इस बर्तन को आंच से उतार लें और इस सिरप को पूरी तरह से ठंडा होने दें।

इसके बाद एक ग्लास में सौंफ का तैयार सिरप, ताज़े पुदीने के पत्ते, काला नमक, नमक, भुनी हुई सौंफ पाउडर, बर्फ के टुकड़े डालें।

अब इस मिश्रण में एक कप पानी मिलाकर इसे तुरंत ठंडा-ठंडा सर्व करें।

# शब्द सामर्थ्य- 12

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 011 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# सू-दोकू- 12

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक [illegible] सकते है। 3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.011 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |